भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.10.2024

## आरेडिका ने ऐहार गाँव में किया ग्राम चौपाल का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका के आस–पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 17.10.2024 को तीसरे ग्राम चौपाल का आयोजन ऐहार गाँव में किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व के बारे में ग्रामीणों को समझाया कि पौधे किस तरह वातारण में गैसीय संतुलन को बनाकर हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते है और स्वच्छ वायु हमें दीर्घायु प्रदान करती है। आगे उन्होने किचिन गार्डन के लाभों तथा सौर ऊर्जा के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी स्कीमों के संवंध में जानकारी प्रदान की।

आरेडिका की विशेष खेल–कूद अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुधा सिंह ने लोगों को खेल क्षेत्र में आरेडिका द्वारा कि जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। आज दुनिया के प्रसिद्ध खेलों में गाँवों के बच्चे अपना परचम लहरा रहे हैं, आप भी ऐसा कर सकते है आरेडिका आपके सहयोग के लिए हमेशा साथ खड़ा है।

इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्राम वासियों का स्वस्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय के डाक्टरों की टीम के द्वारा किया गया।

17/10/2024

(आर.एन.तिवारी )
**मुख्य जनसंपर्क अधिकारी**